तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025

11 दीपावली की रात 404 मरीज पहुंचे पीजीआई ...


12 30 को होगा एमडीयू नॉन टीचिंग यूनियन का मतदान




हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 22 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

12 नागरिकों की सुविधा के लिए धार्मिक स्थलों के लिए संचालित की एसी बसें



KVM NURSING COLLEGE
Approved by INC Delhi, HN & NMC Panchkula, Haryana and Affiliated to Pt. B.D.Sharma University of Health Science, Rohtak
ALSO ABROAD FOR THEIR HIGHER EDUCATION AND CARRIER OPPORTUNITY.
ADMISSION FOR SESSION 2025-2026

| Course Offered | Course Offered | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (F) | 3 Years (F) | 10+2 PASS with 40% |
| ANM (F) | 2 Years (F) | 10+2 PASS |

Hurry Up!
Last Date 23.10.2025
Placement of our students in Hospitals i.e.
• Medanta Hospital Gurgaon
• MGS- Hospital Delhi
• Max- Life Delhi
• Fortis Hospital Faridabad & Gurgaon
• Rockland Hospital- Gurgaon
• Apollo Hospital- Delhi
Behind New Bus Stand, Near Rajiv Gandhi Stadium, Ladhot Road, Rohtak Ph.: 01262-276201, 9992900747, 7015012089 E-mail: kvminstitutions@gmail.com | www.kvmnursingcollege.in

PREMSONS JEWELLERS GOLD • DIAMOND • SILVER
प्रेमसन्स® ज्वैलर्स
GOLD | DIAMOND | SILVER
जीवनभर का विश्वास, हर ज़ेवर के साथ
गोवर्धन पूजा व भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएं
रेलवे रोड, रोहतक-124001 860-333-5000
Whatsapp पर GOLD लिखकर भेजिए और जानें सोने का भाव

## खबर संक्षेप



रोहतक। अप्पू घर के पास विश्वकर्मा डे पर पूजा अर्चना करते दुकानदार।

### औजारों की पूजाकर विश्व कर्मा जी को याद किया

**रोहतक।** शहर में कई जगह विश्वकर्मा डे धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। सभी की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। भगवान की मूर्ति पर फूल अर्पित किए गए। सुभाष रोड सहित कई मार्केट में पूजा की गई। अप्पू घर के पास मिस्त्री वर्ग ने विश्वकर्मा भगवान की पूजा की, साथ ही औजारों को तिलक लगाकर पूजा की गई।

### पराली जलाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट सचिन गुप्ता ने धान की पराली के जलाने पर रोक लगा दी है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किए गए आदेशों में कहा गया है कि किसानों द्वारा खुले खेतों में धान की पराली को जलाने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। खुले खेतों में पराली जलाने से निकलने वाले धुएं से उच्च स्तर का प्रदूषण भी होता है, जिसमें विभिन्न प्रकार के जहरीले प्रदूषक होते हैं।

### सुचारू -पारदर्शी तरीके से की जाए धान की खरीद

**रोहतक।** एसडीएम आशीष कुमार ने कहा, किसानों को नहीं होनी चाहिए किसी भी तरह की परेशानी- सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार कर रही कार्य- ढेरी का अवलोकन करने के लिए मंडी सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित- एसडीएम ने रोहतक मंडी में जाकर ढेरी व खरीद कार्यों का लिया जायजा- अपने कार्यालय में बैठक कर संगठन प्रतिनिधियों से किया विचार-विमर्शरोहतक, 21 अक्टूबर। एसडीएम ने धान खरीद कार्य सुचारू एवं पारदर्शी तरीके से करने के निर्देश दिए हैं।

### शहीद जसबीर सिंह स्मृति व्याख्यान आज

**रोहतक।** शहीद जसबीर सिंह स्मृति व्याख्यान-2025 का आयोजन बुधवार 22 अक्तूबर को सायं 4 बजे जसबीर स्मारक भवन, जसबीर कॉलोनी, शीला बाईपास स्थित परिसर में किया जाएगा। इस वर्ष के व्याख्यान के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर मुकेश कुमार होंगे।

### वैश्य महाविद्यालय में ऑनलाइन क्विज

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग एवं एआईएसएचई समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सांख्यिकी दिवस के अवसर पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में डेटा के महत्व एवं उसके उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

**त्योहार पर हादसा :** पटाखों की चपेट में आने से कई लोगों की खुशियां फीकी पड़ गईं

# दीपावली की रात 404 मरीज पहुंचे पीजीआई, 109 झुलसे

**आंखों में जलन त्वचा पर चोट के अधिक मामले प्रदूषण बढ़ने से दमे के मरीजों की भी बढ़ी दिक्कत**

*पटाखों से 47 बच्चे और 62 बड़े घायल, डॉक्टरों की टीम को करनी पड़ी मशक्कत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दीपावली की चमक के बीच पटाखों की चपेट में आने से कई लोगों की खुशियां फीकी पड़ गईं। पीजीआईएमएस में सोमवार रात से सुबह तक करीब 404 मरीज पहुंचे। इनमें 109 मरीज पटाखों की चपेट में आकर झुलसे हुए थे। इनमें से 74 मरीज भर्ती कर उपचार किया गया, जबकि अन्य को उपचार देकर घर भेज दिया गया। इनमें 47 बच्चे और 62 बड़े शामिल रहे। अधिकतर के हाथ, मुंह और आंखों पर जले हुए के निशान थे। ज्यादा तादाद में आए मरीजों का उपचार करने के लिए भी रात भर डॉक्टरों की टीम मेहनत करती रही। जानकारी के अनुसार, अधिकतर मरीजों को हल्की चोटें आई थीं और प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। कुछ आंखों के केस गंभीर भी हैं, जिनमें कॉर्निया पर गहरी चोट आई है। नेत्र रोग विभाग की टीम ने रातभर मरीजों की जांच और उपचार किया।



### डॉक्टरों की टीम मुस्तैद रही

पीजीआईएमएस में दीपावली की रात कुल 404 मरीज भर्ती हुए। इनमें 109 मामले जले हुए से सम्बंधित हैं। डॉक्टरों की टीम पहले से ही तैयार की गई थी। जिन्होंने पूरी मेहनत से मरीजों का उपचार किया। जलने के केस से संबंधित चार मरीज दाखिल है, जिनमें से एक मरीज की हालत गंभीर है। डॉक्टर मरीजों का पूरा ख्याल रख रहे हैं। **-कुंदन मित्तल,** चिकित्सका अधीक्षक

### झगड़े के 50 केस ट्रामा सेंटर में रिपोर्ट किए गए

पीजीआई में जलने के केस से संबंधित चार मरीज दाखिल किए गए हैं, जिनमें से एक मरीज की हालत गंभीर है। ट्रॉमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ राजेश रोहिल्ला ने बताया कि झगड़े के 50 केस ट्रॉमा सेंटर में रिपोर्ट किए गए, जहां आम दिनों में करीब 8 से 10 ही केस आते थे, वहीं सड़क दुर्घटना के भी 8 से 10 केस ट्रॉमा सेंटर में पहुंचे। इस बार अधिकतर मामले उन लोगों के हैं जो पटाखा जलाने के दौरान बहुत करीब खड़े थे। अचानक फटे पटाखों की चिंगारी आंखों में चली गई।

### ट्रामा सेंटर में जलने वाले मरीजों की लंबी कतार

दीपावली की रात ट्रामा सेंटर में पटाखों से झुलसे मरीजों की लगातार आवक रही। हाथ जलना, गर्दन पर चोट लगना या कपड़ों पर चिंगारी गिरना जैसे मामूली केस अधिक रहे। सभी मरीज रोहतक शहर के अलावा महम, सांपला और कलानौर इलाके से पहुंचे थे। डॉक्टरों का कहना है कि अधिकतर को गंभीर जलन नहीं हुई और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### धुएं और प्रदूषण ने बिगाड़ी दमे के मरीजों की हालत

पीजीआई के श्वास रोग विभाग के अनुसार, पटाखों से निकले धुएं के कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ा है। हवा न चलने से धुआं शहर में जमा रहा, जिससे दमे और सांस की पुरानी बीमारी से पीड़ित मरीजों को परेशानी हुई। कई बुजुर्ग रात में सांस लेने में तकलीफ के कारण अस्पताल पहुंचे।

**इमरजेंसी टीम ने संभाला पूरा मोर्चा**

अस्पताल प्रशासन ने पहले से तैयारियां कर रखी थीं। नेत्र रोग, ट्रामा और बर्न यूनिट में अतिरिक्त डॉक्टरों व नर्सों की ड्यूटी लगाई गई थी। सभी मरीजों को तुरंत उपचार दिया गया। पटाखों की यह चकाचौंध कई परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गई।



**दीपों की रोशनी से जगमग हुआ शहर**

# रोक के बावजूद रात एक बजे तक बजते रहे पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिलेभर में सोमवार को दीपावली का पर्व उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बाजारों में खरीदारी का सिलसिला शुरू हो गया और शाम ढलते ही हर गली-मोहल्ला रोशनी से जगमगा उठा। लोगों ने घरों को रंग-बिरंगी झालरों, मिट्टी के दीयों और फूलों से सजाया। एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां बांटीं और देर रात तक आतिशबाजी कर खुशियां मनाईं। शहर के किला रोड, रेवले रोड, डी-पार्क और सेक्टरों की मार्केट इलाके में दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही, वहीं सर्राफा बाजार में भी खरीदारी जोरों पर रही। दुकानदारों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए विशेष छूट और ऑफर भी दिए।

### कानफोड़ धमाकों की आवाजें गूंजती रहीं

प्रशासन द्वारा आतिशबाजी पर रोक के बावजूद लोगों ने रातभर पटाखे फोड़े। शहर के कई इलाकों में कानफोड़ धमाकों की आवाजें देर रात तक गूंजती रहीं। कई जगहों पर बच्चों और युवाओं ने खुले मैदानों में पटाखे जलाए।

### दीयों और मोम बत्तियों से सजी रात

इस बार दीपावली पर दीयों का जादू छाया रहा। लोगों ने चाइनीज झालरों की जगह पारंपरिक दीयों से घरों को सजाया। दीयों और मोमबत्तियों की लौ से गलियां, छतें और आंगन जगमगा उठे। बाजारों में देवी-देवताओं के पोस्टरों और सीनरी की भी अच्छी बिक्री हुई। दीपों की यह जगमग और लोगों की मुस्कान ने पूरे जिले में खुशियों की रौशनी फैला दी।

### देश की एकता और अखंडता को समर्पित होगी रन फॉर यूनिटी

**रोहतक।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आगामी शुक्रवार, 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर रन फॉर यूनिटी इवेंट का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी, जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव तथा हरियाणा सरकार में विशेष कार्य अधिकारी आईपीएस पंकज नैन के साथ रन फॉर यूनिटी के आयोजन को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

### नान्दल खाप की विशेष बैठक में सामाजिक सरोकारों पर हुआ गहन मंथन



**रोहतक।** नान्दल समाज सेवा समिति के तत्वावधान में नान्दल भवन बोहर में अखिल भारतीय नान्दल खाप की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खाप के प्रधान ओमप्रकाश नान्दल ने की। इस अवसर पर अनेक सामाजिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का संचालन संजीत नान्दल (महासचिव) ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से एडवोकेट जसवंत नान्दल को खाप के प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही वर्ष 2024-2025 का वित्तीय विवरण खाप कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर गांव कृतिक खेती के सरपंच जयप्रकाश नान्दल को उनके द्वारा किए गए प्राकृतिक खेती और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सांपला कस्बे के वार्ड नम्बर दो में फोन कर बुलाया फिर दिया वारदात को अंजाम**

# चचेरे भाई की चाकू से गला काट कर हत्या

**आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर लिया, शराब के नशे में हुआ था झगड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

कस्बे के वार्ड नम्बर दो में दीपावली से पहले चचेरे भाई की हत्या कर दी गई। पहले उसे फोन कर घर से बाहर बुलाया और फिर तेजधार हथियार से गला काट दिया गया। हत्या की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया ने भी मौके पर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। अभी यह सामने नहीं आ पाया है कि दोनों के बीच किस बात को लेकर झगड़ा हुआ। लेकिन इतना पता चला है कि घटना के समय शराब पीने के बाद झगड़ा हुआ था। सांपला पुलिस ने शिकायत पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी प्रदीप को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान सांपला निवासी प्रदीप उर्फ बिट्टू (39) के रूप में हुई है।




जांच करती फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### शहीद दिवस पर वीर शहीदों को नमन किया तथा उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया



**रोहतक।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय सुनारिया में 66वां पुलिस शहीद दिवस का आयोजन किया गया, जो उन वीर पुलिस कर्मियों की स्मृति में समर्पित है जिन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देश एवं समाज की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप रहे। विजय प्रताप ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रत्येक पुलिसकर्मी को ईमानदारी, निष्ठा, अनुशासन एवं मानवता की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात पिछले एक वर्ष के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों के नामों की घोषणा की गई। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया गया तथा उनकी स्मृति में दो मिनट का मौन रखा।

**प्रतियोगिता** कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

# एमडीयू की महिला कबड्डी टीम कारगिल में होने वाले उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में भाग लेगी

*खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम 24 से 28 अक्टूबर तक लद्दाख विश्वविद्यालय के कारगिल कैंपस में आयोजित होने वाले उत्तर क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने टीम को जीत के लिए शुभकामनाएं दीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने जानकारी दी कि टीम में विभिन्न महाविद्यालयों से चयनित प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। एमकेजेके कॉलेज से किरण, अंजली, मोहिनी, सोनिया, खान, सेजल और कोमल को टीम में स्थान मिला है। टीआर गर्ल्स कॉलेज से टन्नू और प्रियंका, मीरा बाई कॉलेज से स्निकी यादव, राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ से ज्योतिका, पीटी एनआरएस कॉलेज, रोहतक से अन्नू सहारावत, डीसी आर्य कॉलेज बहादुरगढ़ से ज्योतिका, वंदेमातरम महिला महाविद्यालय रोहतक से पूजा और यूटीडी रोहतक से साक्षी टीम में शामिल हैं। टीम की महिला कोच के रूप में सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी और अनुभवी कबड्डी कोच शर्मिला राठी मार्गदर्शन करेंगी। वहीं कबड्डी कोच विकास दलाल टीम के मार्गदर्शन के लिए साथ रहेंगे। टीम मैनेजर के रूप में राजकीय महाविद्यालय सांपला के शारीरिक शिक्षा विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. जयपाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, खेल कार्यकारी बोर्ड की अध्यक्ष डॉ. राजवंती शर्मा और खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनिवाल ने कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि एमडीयू की बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की मिसाल कायम कर रही हैं।



# नागरिकों की सुविधा के लिए धार्मिक स्थलों के लिए संचालित की एसी बसें

## ग्रोवार बोले, राज्य सरकार आमजन की मांग के अनुसार सुविधा उपलब्ध करवा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला के नागरिक अब विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए आरामदायक बस यात्रा कर सकेंगे। रोहतक बस डिपो से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए पांच एसी बसों को संचालित किया गया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर तथा मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने रोहतक बस स्टैंड से हरी झंडी दिखाकर वृंदावन के लिए एक बस को रवाना किया। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आमजन की मांग के अनुसार सुविधा उपलब्ध करवा रही है। इसी के मद्देनजर आज रोहतक से वृंदावन के लिए एसी बस की सुविधा यात्रियों को उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा अन्य धार्मिक स्थलों के लिए भी एसी बसें यहां से संचालित होगी। मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था है।

### सीएम का आभार जताया

लोग समय-समय पर पवित्र स्थान का भ्रमण करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के मिल जाने से लोगों को काफी आराम मिलेगा। रोहतक बस स्टैंड से धार्मिक स्थलों के लिए पांच एसी बसें संचालित करने के लिए मनीष कुमार ग्रोवर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा परिवहन मंत्री अनिल विज का भी आभार व्यक्त किया। मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि रोहतक बस डिपो से धार्मिक स्थलों के लिए एसी बसों को संचालित करने का हरियाणा सरकार का यह सराहनीय निर्णय है। उन्होंने कहा कि मंत्री रहते हुए मनीष कुमार ग्रोवर ने रोहतक के विकास के लिए अनेक विकास कार्य करवाए हैं और अब भी यह सिलसिला लगातार जारी है। मेयर ने कहा कि रोजाना किसी न किसी विकास कार्य का शुभारंभ नगर में हो रहा है। इसी कड़ी में वृंदावन के लिए एसी बस को रवाना किया गया है।



रोहतक। वृंदावन के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उपायुक्त सचिन गुप्ता, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर तथा मेयर राम अवतार वाल्मीकि व जीएम विपिन कुमार शर्मा।

### रोहतक डिपो बना अग्रणी

रोहतक बस डिपो के महाप्रबंधक विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि धार्मिक स्थलों के लिए एसी बस संचालित करने में रोहतक डिपो हरियाणा का एक अग्रणी डिपो बन गया है। उन्होंने एसी बस सुविधा को त्योहारों के अवसर पर नागरिकों के लिए एक उपहार बताया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नागरिकों द्वारा अलग-अलग स्थानों के लिए बसें संचालित करने की मांग की जाती रही है। सरकार इन मांगों को गंभीरता से लेकर उन्हें पूरा कर रही है। इसी कड़ी में धार्मिक स्थलों के लिए रोहतक डिपो से पांच एसी बसें संचालित की गई है। उन्होंने कहा कि एसी बसों के साथ-साथ साधारण बसें भी लगातार धार्मिक स्थलों के लिए चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि वृंदावन के लिए एसी बस दोपहर 12:10 बजे रवाना होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता ईश्वर सिंगल, ब्लॉक समिति चेयरमैन खुशीराम हुड्डा व नरेश काला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सुभाष चंद्र बोस को याद किया

रोहतक। नेताजी सुभाष पार्क सुभाष नगर में आर डब्ल्यू ए सदस्यों ने आजाद हिन्द फौज स्थापना दिवस पर सुभाष चन्द्र की प्रतिमा पुष्प अर्पित किए। महासचिव कमल दुरेजा ने कहा कि आज के दिन हम आजाद हिन्द फौज की स्थापना को याद करते हैं, वह फौज जिसने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व में बनी यह फौज भारतवासियों मे स्वाभिमान, साहस और देशभक्ति की ज्योत प्रज्वलित करने वाली शक्ति थी।

### शैक्षणिक गुणवत्ता और कौशल विकास पर मंथन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. राजबीर सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी डीन, डायरेक्टर्स और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाना, विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन को प्राथमिकता देना और संस्थागत गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करना था।

### शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे, शास्त्र चर्चा प्रवर्तते

रोहतक। दीपों का पर्व केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि आत्मबोध और राष्ट्रभाव के जागरण का भी प्रतीक है। इसी भावना को साकार करते हुए विश्व हिंदू परिषद, हरियाणा प्रांत कार्यालय रोहतक में दीपावली के अवसर पर एक दीप राष्ट्र के नाम विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनेक कार्यकर्ता सपरिवार उपस्थित हुए और मातृभूमि के चरणों में दीप अर्पित कर पांच परिवर्तन का संकल्प लिया।

### एमआर डीएवी कॉलेज में मनाया दीपावली पर्व

रोहतक। एमआर डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दीपावली का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर-सुंदर दीपकों की प्रदर्शनी लगाई गई। कॉलेज के विद्यार्थियों और सभी स्टाफ सदस्यों ने उन दीपकों को बड़े उत्साह से खरीदा।

## मंगलवार इस मौसम का सबसे प्रदूषित दिन रहा, एक्यूआई 376 तक पहुंचा

# दीपावली पर जमकर चले पटाखे, हवा हुई जहरीली

मनाही के बावजूद रातभर होती रही आतिशबाजी

लगातार कई दिन से हवा की गति 8 से 10 किमी प्रति घंटे रही। इसलिए पीएम 2.5 की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक माना जाता है।

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

19 अक्टूबर को छोटी और 20 को बड़ी दिवाली पर हमने जहरीली आतिशबाजी की। जिसके परिणाम स्वरूप मंगलवार 21 अक्टूबर की रात 8 बजे रोहतक शहर का एक्यूआई 376 तक पहुंचा गया था। एक्यूआई 50 तक हो तो ही वह सांस लेने के लायक होता है। प्रदूषण की जो चादर अब तन चुकी है। वह जून-जुलाई में मानसून आने तक तनी रहेगी। बीच-बीच में जब कभी बरसात हुई या हवाओं की रफ्तार 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे या इससे अधिक हुई तो तभी पॉल्यूशन का लेवल कुछ कम होगा। नहीं तो 8-9 महीने शहर के लिए सांस लेने के लिहाज से काफी खराब रहेंगे। प्रदूषित हवा में सांस लेना बीते एक दशक से रोहतक शहर की नियति बन चुका है। नियति इसलिए बना है कि हमारे लिए नीति बनाने वालों की नियत ठीक नहीं है। किसान अगर फसल अवशेष जलाते हैं तो पॉल्यूशन में बढ़ाने में उनकी हिस्सेदारी मात्र अधिकतम 17 प्रतिशत है। जबकि 83 फीसदी पॉल्यूशन के लिए कल-कारखाने, वाहन ओर दूसरे कारक जिम्मेदार हैं। ध्यान रखें कि रोहतक शहर को सालभर में मुश्किल से 38 से 40 दिन ही सांस लेने को स्वच्छ आबोहवा मिलती है।

■ नियति इसलिए बना है कि हमारे लिए नीति बनाने वालों की नियत ठीक नहीं



### ये है अक्टूबर का एक्यूआई

| दिनांक | एक्यूआई | दिनांक | एक्यूआई |
|---|---|---|---|
| 1 | 112 | 11 | 193 |
| 2 | 176 | 12 | 116 |
| 3 | 82 | 13 | 59 |
| 4 | 86 | 14 | 221 |
| 5 | 144 | 15 | 193 |
| 6 | 88 | 16 | 214 |
| 7 | उपलब्ध नहीं | 17 | 287 |
| 8 | 48 | 18 | उपलब्ध नहीं |
| 9 | 60 | 19 | 290 |
| 10 | 205 | 20 | 320 |
| | | 21 | 376 |

### बजी खतरे की घंटी

एक्यूआई 300 होते ही खतरे की घंटी स्वास्थ्य के लिए बज जाती है। मालूम रहे कि 0 से 50 तक एक्यूआई है तो वायु कीगुणवत्ता अच्छी है। हवा में प्रदूषण का स्तर बहुत कम है। और स्वास्थ्य के लिए कोई खतरा नहीं है। 51 से 100 तक का अर्थ ये है कि वायु गुणवत्ता मध्यम है। इसका मतलब है कि वायु गुणवत्ता स्वीकार्य है, लेकिन कुछ लोगों को, विशेष रूप से संवेदनशील समूहों को, वायु प्रदूषण के कारण कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 101 से 150 के बीच होने पर वायु गुणवत्ता संवेदनशील समूहों के लिए अस्वस्थ होती है। 151 से 200 के बीच, अस्वस्थ माना जाता है। 201 और 300 के बीच स्वास्थ्य चेतावनी जारी करता है। 300 से अधिक है तो पूरी आबादी पर इसके गंभीर स्वास्थ्य प्रभाव पड़ते हैं।

### हवा स्पीड हुई कम

लगातार कई दिन से हवाओं की गति 8 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की है। इसलिए पीएम 2.5 की मात्रा में बढ़ोतरी हो रही है। अगर स्पीड 15-20 किलोमीटर प्रति घंटे की रहे तो पॉल्यूशन से राहत मिलेगी। वरना पूरी सर्दी के मौसम में हम प्रदूषण गटकेगें। प्रशासनिक रोक के बावजूद छोटी-बड़ी दीपावली की रात में लोगों ने प्रतिबंधित पटाखे छोड़े। ध्यान रहे कि कई महीने से प्रशासन दावे कर रहा था कि प्रदूषण को रोकने के लिए ये कर दिया जाएगा। वह कर दिया जाएगा। लेकिन बीते दो दिन में शहर में प्रशासन नाम की चिड़िया प्रदूषण रोकने के नाम पर इधर से उधर उड़ती दिखाई नहीं दी। जिसकी जितना मन हुआ, उसने उतने ही जहरीले पटाखे फोड़े। क्योंकि नैतिकता हमारे में है नहीं। प्रशासन हमें रोक नहीं सका।

### ऐसे करता है नुकसान

वायु प्रदूषण को लेकर किए गए शोधों में बताया गया है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने फेफड़ों की परत तक खत्म हो जाती है। जिससे सांस लेने की प्रक्रिया पर काफी प्रतिकूल असर पड़ता है। अस्थमा, ब्लड प्रेशर बढ़ना, तथा फेफड़ों और हृदय से संबंधित दूसरी बीमारियां भी मनुष्य को घेर लेती हैं। सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) के साथ-साथ फेफड़ों का कैंसर भी हो सकता है।

### किसानों को भेजा जाता है जेल

एक रिपोर्ट के मुताबिक वायु प्रदूषण के लिए औद्योगिक गतिविधियां 52, वाहन 27, फसल जलाना 17 और अन्य स्रोत 4-5 प्रतिशत जिम्मेदार हैं। पॉल्यूशन के लिए 17 प्रतिशत जिम्मेदार किसानों ने फसल अवशेष जलाए तो उसे जेल की हवा तो खानी पड़ेगी। इसके अलावा उसे खेती को लेकर मिलने वाले अनुदान से वंचित कर दिया जाएगा। यहां तक की उसकी फसल भी सरकार खरीदेगी नहीं। जो 83 प्रतिशत प्रदूषण फैलाने के जवाबदेह हैं, उन पर सरकार शायद ही किसानों ने जितनी सख्ती दिखाती हो।



महम। दीपावली उत्सव में भाग लेते एचडी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम के विद्यार्थी व शिक्षक।

# एचडी स्कूल खेड़ी महम में धूमधाम से मनाई दीवाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में दीपावली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि विद्यालय में कमरा सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का प्रारंभ मां सरस्वती, लक्ष्मी व गणेश जी की आराधना के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता को चार वर्गों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने हस्त निर्मित चार्ट, रंगोली, लड़ी, झालर, दीये सजावट, कविता व लघु नाटिका के माध्यम से अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

### बुराई पर अच्छाई की जीत

निर्णायक मंडल की भूमिका शिक्षक दुर्गेश, नवीन मुंजाल, संदीप, नेहा, महिमा व अंशु ने निभाई। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा सभी को हैप्पी धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें बुराई पर अच्छाई व अधर्म पर धर्म की जीत की सीख देता है। उन्होंने बच्चों को घर में बने पकवान खाने व प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने के लिए प्रेरित भी किया। प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को बड़े प्रेम -प्यार से मनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा व सभी समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### मां काली के जयकारों से गूंजा जाट भवन



रोहतक। जाट भवन के सभागार में कार्तिक अमावस्या पर 20 व 21 अक्टूबर को दो दिवसीय 10वीं सार्वजनिक काली पूजा का आयोजन काली माता वेलफेयर सोसाइटी की ओर से किया गया। दीपावली पर सोमवार की मध्य रात 12 बजे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा की गई। सोसाइटी के फाउंडर डॉ. अरविंदम रॉय व उपमिता रॉय ने बताया कि दो दिवसीय पूजन में बतौर मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा के उप आचार्य एवं बाबा लक्ष्मणपुरी डेरा के महामंडलेश्वर कपिलपुरी महाराज, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल की खास उपस्थिति रही। कलकता से आए पंडित संजय कुमार चक्रवर्ती ने मां काली का पूजन कराया। अंकिता रॉय, अपूर्वा शर्मा ने अतिथियों का मंगल तिलक लगा कर स्वागत किया। मंगलवार को दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत पूजा के आरंभ से हुई और दोपहर पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ।

### दत्तक ग्रहण एजेंसी में आई तीन दिन की नवजात शिशु




रोहतक। दीपावली से एक दिन पूर्व चौ. लखी राम दत्तक ग्रहण एजेंसी में बाल कल्याण समिति के माध्यम से एक तीन दिन की नवजात शिशु लाई गई है। वर्तमान में एजेंसी में तीन बालक और तीन बालिकाएं रह रही हैं, जिनकी विधिवत दत्तक ग्रहण (अडॉप्शन) प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एजेंसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 दिन पहले भी बाल कल्याण समिति सोनीपत के माध्यम से एक दिन की लावारिस नवजात बच्ची संस्था में आई थी, जिसकी संस्था द्वारा समुचित देखभाल और पोषण सुनिश्चित किया जा रहा है।




महम। द रॉयल सही राम स्कूल महम के विजेता खिलाड़ी अपने गुरुजनों के साथ।

### स्टूडेंट ओलंपिक नेशनल गेम्स में छाए द रॉयल सही राम स्कूल के खिलाड़ी

महम। हाल ही में एमडीयू रोहतक में हुए स्टूडेंट ओलंपिक नेशनल गेम्स में द रॉयल सही राम स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्कूल के खिलाड़ियों ने कबड्डी, वॉलीबॉल, जूडो, हैंडबॉल, रिले रेस, योगा, क्रिकेट, 100, 200, 400 व 800 मीटर रेस आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीते हैं। स्कूल के चेयरमैन डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। बताया कि इन प्रतिभावान खिलाड़ियों ने स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह सफलता बच्चों की कठिन मेहनत, कोचिंग टीम के प्रशिक्षण, एवं स्कूल प्रबंधन की दूरदर्शिता का परिणाम है। स्कूल प्रांगण में पधारने पर स्कूल मैनेजमेंट ने बच्चो का फूल मालाएं व मेडलपहनाकर भव्य स्वागत किया गया है। बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प मजबूत हो और दिशा सही हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। यह जीत केवल मेडल की नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास की है। द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स न केवल शिक्षा में, बल्कि खेलों में भी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# अपने घर, दुकान व प्रतिष्ठान के साथ-साथ अपने विचारों को भी रोशन करें: बीके सुमन

- समाज में सकारात्मकता और प्रेम का प्रकाश फैलाएं
- ब्रह्मकुमारी सेंटर पर बीके बहनों ने दीपावली पर दिया आध्यात्मिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

ब्रह्मकुमारीज सेंटर पर दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बीके चेतना और बीके सुमन ने इलाके के लोगों को दीपावली का आध्यात्मिक महत्व बताया। बीके सुमन ने कहा कि अपने घर, दुकान और प्रतिष्ठान को प्रकाशित करने के साथ-साथ अपने विचारों को रोशन करें। आज जब विश्व तनाव, युद्ध, प्रदूषण और मानसिक अशांति से जूझ रहा है, तब शांति का होना बहुत जरूरी है।



महम। समारोह में भाग लेती ब्रह्मकुमारीज सेंटर से जुड़ी माताएं व बहनें।

### दीपावली: आंतरिक शांति का उत्सव

ध्यान और योग के माध्यम से ही शांति को हासिल किया जा सकता है। दीपावली पर जब दीपों की पंक्तियाँ अंधकार को चीरती हैं और आकाश पटाखों की गूंज से भर जाता है, तब हमारे हृदय में भी एक दिव्य प्रश्न जन्म लेता है। क्या बाहरी रोशनी के साथ-साथ हमने अपने भीतर भी दीप जलाया है? दीपावली, केवल एक त्योहार नहीं, अपितु आत्मा की यात्रा है। अज्ञान से ज्ञान की ओर, अशांति से शांति की ओर। यही वह क्षण है जब शांति की गूंज हमारे जीवन में वास्तविक अर्थ ग्रहण करती है। ओम की ध्वनि ब्रह्मांड का आदि नाद है और सृष्टि की ध्वनि है। शांति वह स्थिति है, जहां मन स्थिर होता है। भावनाएं संतुलित होती हैं और आत्मा परमात्मा से जुड़ जाती है। जब हम ओम और शांति का उच्चारण करते हैं तो तब हम केवल विश्व में शांति की कामना नहीं कर रहे होते हैं तो हम स्वयं के भीतर शांति की स्थापना का प्रयास कर रहे हैं। सुमन बहन ने बताया कि पटाखों से अधिक, प्रार्थनाओं में समय दें। जरूरतमंदों के बीच मिठास बांटें। अपने घर के साथ-साथ अपने विचारों को भी प्रकाशित करें। दिल्ली से आए विद्यासागर भाई ने कहा केवल दीप जलाएं नहीं बल्कि अपने भीतर की रोशनी को पहचानें। अपने भीतर शांति स्थापित करें, क्योंकि जब मन शांत होता है, तब ही संसार सुंदर लगता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## अफसर के 4 महीने शेष और दोनों संघों में फिर दिखने लगा टकराव

# 30 को होगा एमडीयू नॉन टीचिंग यूनियन का मतदान

- कर्मचारियों का आरोप उन्हें गेट मीटिंग में बोलने का मौका तक नहीं दिया, बजट की स्वीकृति पर भी कर्मियों ने खड़े किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी चुनने के लिए 30 अक्टूबर को मतदान होगा। इसके लिए वर्तमान पदाधिकारियों ने गेट मीटिंग की। और इलेक्शन शेड्यूल जारी कर दिया। लेकिन संघ के बजट के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। ऐसा आरोप कर्मचारियों ने निवर्तमान पदाधिकारियों पर लगाया है। कर्मियों ने कहा कि बजट पर चर्चा हुए बिना यूनिवर्सिटी के इतिहास में शायद पहली बार हुआ हो कि चुनाव के लिए शेड्यूल बजट पर चर्चा किए बिना ही जारी कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान अनिल मल्होत्रा ने की। इधर, यूनिवर्सिटी के एक अधिकारी के अब चार महीने ही शेष बचे हैं। लेकिन अफसर ने अब नॉन टीचिंग और टीचिंग यूनियन के साथ गमला फैक्ट्री का मामला उजागर होने के बाद अब फिर टकराव होने लगा है। ध्यान रहे कि छात्रों ने तो वीसी आवास पर गमला फैक्ट्री को भंडाफोड़ गत 19 सितंबर को ही किया था।



### कर्मचारियों को बोलने का नहीं दिया मौका

मीटिंग में खर्च का ब्यौरा भी रखा गया पर लेखा जोखा पास नहीं हुआ। जिसका मुख्य कारण बिलों की त्रुटि को लेकर कोषाध्यक्ष डॉ. विजय पाल एवं उप प्रधान धर्मेंद्र द्वारा एमडीयू प्रशासन को दी गई शिकायत का लंबित होना वजह रही।कर्मचारियों द्वारा यूनियन के खर्च बजट को पास नहीं किया गया। प्रशासन का फैसला आने के बाद अगली यूनियन द्वारा ही इस पर कोई कार्रवाई की जा सकेगी। ऐसा हाउस की मीटिंग में बताया गया।

### ये है चुनाव प्रोग्राम

23 अक्टूबर को सुबह नौ से शाम चार बजे तक नामांकन, 24 को भी सुबह नौ बजे से 12बजे तक नॉमिनेशन, 24 को दोपहर 12 बजे से लेकर बाद दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापसी, 24 को ही 3 बजे बाद चुनाव चिह्न अलॉट होंगे। 30 अक्टूबर को सुबह 8बजे से लेकर शाम 4 बजे तक मतदान और इसके तुरंत बाद वोटों की गिनती करवाई जाएगी। जनरल सेक्रेटरी अजमेर सिंह,उपप्रधान धर्मेंद्र, जॉइंट सेक्रेटरी दीपक सैनी, कोषाध्यक्ष डॉ. विजय पाल सहित पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत,पूर्व जनरल सेक्रेटरी सुरेश कौशिक,विकास गिल, पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया,नरेंद्र सिल्क,राजेश आदि मीटिंग में मौजूद रहे।

सूचना
मैं, महेश कुमार पुत्र मुन्नी राम निवासी मकान नंबर-212, मालवान पाना, गांव झाड़ौदा कलां, नजफगढ़-110072 बयान करता हूं मेरा लाइसेंस नंबर 1290/DMK/CV/2017 गुम हो गया था। अगर मेरे लाइसेंस की प्रतिलिपि मिल जाती है तो मैं उसका दुरूपयोग नहीं करूंगा।